दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 194

# पाकिस्तान यदि आतंकवाद खत्म नहीं कर पा रहा, तो भारत मदद के लिए तैयार : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली । आरएनएस



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश अक्षम महसूस करता है तो भारत आतंकवाद को रोकने के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही राजनाथ ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान एक उपकरण के रूप में आतंक का इस्तेमाल करके भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता है तो उसे अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने अगर पाकिस्तान आतंकवाद पर अंकुश लगाने में असमर्थ महसूस करता है, तो भारत आतंकवाद को रोकने में सहयोग करने के लिए तैयार है।

एक इंटरव्यू में रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धरती से पैदा होने वाले आतंक पर लगाम लगानी चाहिए और जरूरत पडऩे पर भारत अपना समर्थन देने के लिए तैयार है। राजनाथ ने कहा, अगर पाकिस्तान (आतंकवाद पर अंकुश लगाने में) असमर्थ महसूस करता है, तो भारत आतंकवाद को रोकने में सहयोग करने के लिए तैयार है। सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद दुनिया भर में भारत का कद ऊंचा हुआ है। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद पूरी दुनिया में भारत का कद बढ़ा हैं। उन्होंने कहा, पहले जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता था तो उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज दुनिया कान खोल कर सुनती हैं कि आखिर भारत बोल क्या रहा हैं। इससे पता चलता हैं कि दुनिया भर में भारत की हैसियत बढ़ी हैं, दुनिया भर में भारत का कद ऊंचा हुआ है।

## वह दिन दूर नहीं, जब भारत होगा दुनिया का सुपर पावर : राजनाथ सिंह

**भोपाल (आरएनएस)।** देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया का सुपर पावर होगा। गुरुवार को मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने बुधवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के उस बयान का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था, यदि आप भविष्य देखना चाहते हैं, तो भारत आएं। यदि आप भविष्य को महसूस करना चाहते हैं, तो भारत आएं। यदि आप भविष्य पर काम करना चाहते हैं, तो भारत आएं।

रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर है। आगामी 20-25 वर्षों में भारत विश्व की महाशक्ति होगा। दुनिया हमारी ओर आशा पर निगाहों से देख रही है। इसे विश्व के बड़े देश भी स्वीकार कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें मदद पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने किसानों को हर साल किसान सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जा रहे छह हजार रुपये का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को खाद, बीज आदि खरीदने में मदद मिलती है। लेकिन विपक्ष इसकी भी आलोचना करता है।

रक्षामंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बगैर किसी भेदभाव के लोगों के विकास के लिए काम किया है। धर्म, जाति, संप्रदाय को देखे बिना योजनाओं का लाभ आम जनता तक सीधे पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजागार प्रदान करने व महिलाओं को न्याय प्रदान करने के लिए कदम उठाया गया है।

रक्षामंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने व उनके साथ होने वाले अन्याय को खत्म करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में तीन तलाक जैसी कुप्रथा को खत्म किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हिंदू, मुसलमान, सिख, इसाई समेत सभी धर्मों व संप्रदायों की महिलाओं को सशक्त करने को प्रतिबद्ध है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अनियंत्रित होकर पलटी स्कूल बस, पांच बच्चों की मौत



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को एक निजी स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें पांच बच्चों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसे के वक्त बस में कुल 35 से 40 बच्चे सवार थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने कहा, प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार है। बस में क्षमता से अधिक बच्चे थे।

### फिलीपींस में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत

**मनीला ।** फिलीपींस के कैविटे शहर में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो पायलटों की मौत हो गई। एक सैन्य प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने कहा कि फिलीपीन नौसेना के रॉबिन्सन आर22 प्रशिक्षण हेलीकॉप्टर कैविटे शहर में एक सार्वजनिक बाजार के पास स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 06.45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल दोनों पायलटों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया।

### पंजाब में सूटकेस में मिली व्यक्ति की लाश, टांगे काट रेलवे ट्रैक पर फेंकी; 4 टुकड़ों में मिला शरीर

**लुधियाना (आरएनएस)।** लुधियाना में उस समय हडक़ंप मच गया जब एक व्यक्ति की लाश सूटकेस में बरामद हुई। रेलवे कर्मचारी से सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी दोनों एजेंसियों की पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। रेलवे पुलिस ने थाना 6 की पुलिस को घटना के जानकारी दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। पुलिस को चार टुकड़ों में व्यक्ति की लाश बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार शेर पुल चौक के पास पुल के ऊपर पुलिस को सूटकेस मिला, और टांगे रेलवे ट्रैक पर। उस सूटकेस में व्यक्ति के अन्य टुकड़े थे। अभी तक इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आशंका जताई है कि हत्यारे ने व्यक्ति को मारने के बाद उसे टुकड़ों में काटा और रेलवे ट्रैक पर फेंकने की कोशिश की, लेकिन वह सूटकेस को पुल के नीचे नहीं गिरा पाया। इससे पुलिस को आशंका है कि हत्यारों ने हत्या को एक्सीडेंट दिखाने के लिए शव को टुकड़ों में काटा और ट्रैक पर फेंकना चाहा। लेकिन, किन्हीं कारणों से वह ऐसा नहीं कर पाया और केवल टांगें ही रेलवे ट्रैक पर फेंक कर फरार गया। उसने सूटकेस पुल के ऊपर ही छोड़ दिया। आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे CCTV कैमरों की जांच में जुट गई है।

## चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मंदिरों में मां चंद्रघंटा की हुई पूजा अर्चना, भक्तों की लगी भीड़

नई दिल्ली । आरएनएस



चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। सुबह से ही दिल्ली एनसीआर के तमाम मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ है और भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दिल्ली के कालकाजी, झंडेवालान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

मां चंद्रघंटा की शिखा पर चंद्र और हस्त में घंटा है। चंद्रमा शांति एवं घंटा नाद का प्रतीक होता है। देवासुर संग्राम में देवी के घंटा नाद से अनेकों असुर काल के ग्रास बन गए। शास्त्रों में आराधना में नाद पर विशेष ध्यान दिया गया है। सुर एवं संगीत दोनों को ही वशीकरण का बीज मंत्र माना गया है। चंद्रघंटा देवी इसी की आराध्य शक्ति है।

मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती है। जानकारों के मुताबिक, मां चंद्रघंटा की पूजा लाल वस्त्र धारण कर करना श्रेष्ठ होता है। मां को लाल पुष्प, रक्त चन्दन और लाल चुनरी समर्पित करना उत्तम होता है। इनकी पूजा से मणिपुर चक्र मजबूत होता है और भय का नाश होता है।

## काशी विश्वनाथ धाम में पुरुष सुरक्षाकर्मी धोती-कुर्ता पहनकर व महिला सुरक्षाकर्मी सलवार कुर्ता पहनकर करेंगे मंदिर परिसर की सुरक्षा

वाराणसी । आरएनएस



उत्तर प्रदेश स्थित काशी विश्वनाथ धाम परिसर में पुलिसकर्मी अब भक्तों की तरह ही धोती-कुर्ता पहनकर मंदिर परिसर की सुरक्षा करेंगे।

हालांकि, ऐसा ही प्रयोग आज से कुछ साल पहले 2018 में किया गया था।

मंदिर अधिकारियों के मुताबिक, पुरुष सुरक्षाकर्मी भक्तों की तरह भेष धारण करने के लिए धोती कुर्ता पहनेंगे, जबकि महिला सुरक्षाकर्मी सलवार कुर्ता पहनेंगे।

हालांकि, इस विशेष पोशाक को धारण करने से पहले इन सुरक्षाकर्मियों को तीन दिन का प्रशिक्षण लेना होगा कि आखिर कैसे मंदिर में आने वाले भक्तों से संवाद स्थापित किया जाए।

यह कदम भक्तों के अनुभव को सुखद बनाने के मकसद से उठाया गया है, ताकि उनके अंदर सुरक्षाकर्मियों की पोशाक से जुड़ी नकारात्मक धारणा को खत्म किया जा सके।

इसके अलावा, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 'नो टच' पॉलिसी भी लागू की गई है।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से पुलिस उनके साथ व्यवहार करती है, उससे उन्हें ऐसा कभी नहीं लगा कि उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भक्त मंदिर के पुजारियों के समान कार्यों को अधिक स्वीकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, आमतौर पर इस तरह की समस्याएं तब होती हैं, जब भगवान के दर्शन करने के लिए भक्त कतारों में लगते हैं। कई बार लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिसकी वजह से वह परेशान हो जाते हैं, लिहाजा इस समस्या का समाधान करने और पुलिस की छवि को मित्रवत बनाने के मकसद से खाकी फ्री नीति अख्तियार की गई है।

अग्रवाल ने आगे कहा कि वो पुलिस की छवि सुधारने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि मंदिर दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का अनुभव सुखद हो।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर पुलिस बिना शारीरिक स्पर्श किए भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं, जो कि बतौर श्रद्धालु हमारे लिए एक सुखद अनुभव है।

## भारत को अब रोका नहीं जा सकता, पीएम मोदी की चीन और पाकिस्तान को दो टूक

नई दिल्ली । आरएनएस




सीमा विवाद और अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच एक बार फिर विवाद बड़ता जा रहा है। भारत की कोशिश है कि चीन के साथ सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए हल किया जाए। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और विश्व के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने में सक्षम होंगे।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के साथ एक इंटरव्यू में की। यह हाल के दिनों में किसी अमेरिकी पत्रिका को दिया गया पीएम मोदी का पहला साक्षात्कार है। वहीं, न्यूजवीक ने कहा है कि भारत की प्रगति को अब रोका नहीं जा सकता है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और मजबूत होती राजनयिक, वैज्ञानिक तथा सैन्य ताकत इसे एक उभरती हुई महाशक्ति बनाती है।

अमेरिका और विश्व के लिए इसका महत्व लगातार बढ़ रहा है। मोदी का साक्षात्कार प्रकाशित करने के साथ ही पत्रिका ने उनको अपने कवर पर भी स्थान दिया है। इंदिरा गांधी के बाद वह ऐसे दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें इस वैश्विक समाचार पत्रिका ने यह सम्मान दिया है।

न्यूजवीक को दिए विस्तृत साक्षात्कार में पीएम मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव, पाकिस्तान के साथ संबंध, क्वाड, राम मंदिर और लोकतंत्र समेत तमाम मुद्दों पर बातचीत की है। इस दौरान पीएम ने कहा कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान निकालने की आवश्यकता है। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व के लिए महत्वपूर्ण हैं।

पाकिस्तान के साथ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर मोदी ने कहा कि उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री को पदभार संभालने पर बधाई दी है। उनसे कहा है कि भारत ने हमेशा आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को आगे बढ़ाने का समर्थन किया है। चीन और क्वाड के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और चीन कई समूहों के सदस्य हैं। उन्होंने कहा,हम अलग-अलग समूहों में मौजूद हैं।

## के. कविता को अब सीबीआई ने किया गिरफ्तार, शुक्रवार को दिल्ली कोर्ट में होंगी पेश

नई दिल्ली । आरएनएस



भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के. कविता को अब सीबीआई ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को उन्हें दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें गुरुवार दोपहर 12:50 बजे तिहाड़ की जेल नंबर 6 से गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई ने दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एमएलसी कविता से 6 अप्रैल को तिहाड़ जेल में पूछताछ की गई थी।

मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने ईडी द्वारा जांच किए जा रहे उसी मामले में कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। ईडी ने कोर्ट से कहा था कि वह बेहद प्रभावशाली हैं और पूरी संभावना है कि रिहा होने पर वह गवाहों को प्रभावित करेंगी और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगी। इसी आधार पर अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी।

## लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट का शार्प शूटर दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली । आरएनएस



जबरन वसूली में शामिल कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के एक शार्प शूटर को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ये जानकारी दी। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के मूल निवासी सतेंद्र कुमार उर्फ सिकंदर (20) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार को मोती नगर थाने में एक सप्ताह पहले दर्ज फायरिंग मामले में शामिल एक व्यक्ति के अवैध हथियार लेकर आने की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) आर के सिंह ने कहा, सूचना के अनुसार, छापेमारी की गई और सतेंदर को पकड़ लिया गया।

जांच के दौरान, उसने खुलासा किया कि वह सितंबर-2023 में लॉरेंस बिश्नोई, काला राणा और कपिल मान गिरोह के सदस्यों के संपर्क में आया था।

डीसीपी ने कहा, मार्च-24 के अंतिम सप्ताह में, उसे सिग्नल ऐप के माध्यम से नारायणा में किसी ठिकाने पर पहुंचने के लिए कहा गया था, जहां उसकी मुलाकात एक अन्य लडक़े से हुई, जो स्कूटी चला रहा था।

इसके बाद दोनों 31 मार्च को मोती नगर में एक व्यक्ति के घर गए जहां दोपहर करीब 2 बजे कई राउंड फायरिंग की और भाग गए।

डीसीपी ने कहा, घटना के बाद दूसरे व्यक्ति ने उसे रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास छोड़ दिया और उसके बाद वह अलग-अलग जगहों पर रहकर गिरफ्तारी से बचता रहा।

## पाकिस्तान में बड़ा हादसा : तीर्थयात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी, 17 लोगों की दर्दनाक मौत; 41 घायल

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है।

एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि यह घटना रात को हुई जब ट्रक 50 लोगों को लेकर शाह नूरानी दरगाह की ओर जा रहा था। ईधी फाउंडेशन के हब प्रभारी मनन बलूच के अनुसार बचाव अभियान गुरुवार सुबह समाप्त हुआ।

इस हादसे में लोगों की मौत पर बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाए।

पर्याप्त सुरक्षा उपायों की कमी, अपर्याप्त चालक प्रशिक्षण और पुराने परिवहन बुनियादी ढांचे के कारण पाकिस्तान में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान में 2018 में सडक़ दुर्घटनाओं में 27,000 से अधिक मौतें हो चुकी हैं।

## पुलवामा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक को मार गिराया; पूरा इलाका सील

श्रीनगर । आरएनएस



ईद के मौके पर जम्मू-कश्मीर के अंतर्गत पुलवामा में फ्रैसीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच तडक़े मुठभेड़ हो गई। इश दौरान सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। मौजूदा समय में मौके पर सुरक्षाबल के जवान तैनात हैं व पुलिस और सेना द्वारा फ्रैसीपोरा में घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के फ्रैसीपोरा इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने यह ऑपरेशन तब शुरू किया जब टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी को लेकर इनपुट मिला।

इलाके में एंट्री और एग्जिट मार्गों को बंद कर दिया गया है पीटीआई द्वारा जारी वीडियो में सीआरपीएफ के जवानों को जगह-जगह तैनात देखा जा सकता है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के शोपियां में दो दिन पहले आतंकियों ने देहरादून के एक शख्स पर गोलियां बरसा दी थीं।

घायल शख्स को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे श्रीनगर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इसके बाद से सेना ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया।